# आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

## श्री विजय पाल राव, न्यायिक सदस्य तथा
## श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य के समक्ष

आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024
निर्धारण वर्ष : 2017-18

| | | |
|---|---|---|
| भगवान सिंह गौड<br>म.नं. 56, नीमखेडी पोस्ट<br>रूनाहा तहसील बेरसिया,<br>भोपाल (मप्र) | बनाम | आयकर अधिकारी<br>4(3), भोपाल |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं- एकेडब्ल्यूपीजी 3055 बी PAN- AKWPG3055B | | |

| | |
|---|---|
| अपीलार्थी की ओर से | कोई नहीं (लिखित निवेदन) |
| राजस्व की ओर से | श्री आशीष पोरवाल, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 30.07.2024 |
| उद्घोषणा तिथि | 30.07.2024 |

## आदेश

श्री विजय पाल राव, न्यायिक सदस्य द्वारा

निर्धारण वर्ष 2017-18 से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील), एनएफएसी, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 19.12.2023 के विरूद्ध निदेशित है ।

2. इस अपील के संबंध में निर्धारिती द्वारा आवेदन दाखिल किया गया है जिसमें यह निवेदन किया गया है कि निर्धारिती द्वारा निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए आयकर आयुक्त (अपील) के आदेश के विरूद्ध आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024 भूलवश दाखिल की गई है । निर्धारिती द्वारा इसी आदेश के विरूद्ध एक और अपील दाखिल की गई हे जो आ.अ.सं. 159/इंदौर/2024 के रूप में पंजीकृत की गई है । अतः निर्धारिती आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024 पर दबाव नहीं

डालना चाहता तथा वह आ.अ.सं. 159/इंदौर/2024 को pursue करना चाहता है । निर्धारिती ने उपरोक्त कारण से आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024 को वापिस लेने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है ।

3. विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है ।

4. तदनुसार, हम आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024 में अपील जो आ.अ.सं. 159/इंदौर/2024 की duplicate appeal है को निर्धारिती द्वारा दबाव नहीं डालने के कारण खारिज करते हैं ।

5. परिणामतः, आ.अ.सं. 154/इंदौर/2024 में निर्धारिती की अपील दबाव नहीं डाले जाने के कारण खारिज की जाती हैं ।

यह आदेश 30.07.2024 को सुनवाई के पश्चात खुले न्यायालय में उद्घोषित किया गया तथा तत्पश्चात लिखित आदेश पारित किया गया ।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (बी.एम. बियाणी) | (विजय पाल राव) |
| लेखा सदस्य | न्यायिक सदस्य |

दिनांक : 30.07.2024

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फाईल